# उत्तर प्रदेश की क्राफ्ट, पाक कला व संस्कृति से विश्व होगा रुबरु : योगी

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो सितंबर में, मुख्यमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

अमर उजाला ब्यूरो



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो को लेकर अधिकारियों संग बैठक की। -सूचना विभाग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का आयोजन 25 से 29 सितंबर के बीच होगा। यह प्रदेश के क्राफ्ट, पाक कला और संस्कृति से दुनियाभर के उद्यमियों, विनिर्माताओं और व्यापारियों को परिचित कराने वाला महत्वपूर्ण आयोजन है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट के विशाल परिसर में आयोजित होने जा रहे इस आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो के माध्यम से पूरी दुनिया उत्तर प्रदेश के अद्भुत 'क्राफ्ट, क्विजीन और कल्चर' से साक्षात्कार करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो उत्तर प्रदेश के बड़े उद्योगों, आईटी व आईटीईएस, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, पर्यटन व संस्कृति, ऊर्जा व ओडीओपी जैसे सेक्टरों के उद्यमियों, विनिर्माताओं और निर्यातकों के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराएगा। इसे भव्य स्वरूप देने में कोई कसर न रखी जाए।

ट्रेड शो में अब तक 2500 से अधिक एक्जिबिटर्स के पंजीयन पर खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेड शो के सफल आयोजन में केंद्र के विभिन्न विभागों का सहयोग मिल रहा है। अधिकाधिक देशों में तैनात भारतीय राजदूतों व उच्चायुक्तों से लगातार संवाद बनाते हुए विदेशी खरीदारों, उद्यमियों व कंपनियों को आमंत्रित किया जाए। यह मल्टीसेक्टोरल ट्रेड शो हमारे स्थानीय उद्यमियों, उत्पाद और शिल्प को वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने में बड़ा सहायक बनेगा।

### वियतनाम होगा विशेष सहयोगी देश

मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि इस वर्ष ट्रेड शो में वियतनाम पार्टनर कंट्री के रूप में सहयोग कर रहा है। वियतनाम के उच्चकोटि के उत्पाद ट्रेड शो में प्रदर्शित किए जाएंगे। आगंतुकों को वियतनाम और भारतीय व्यंजनों का लुत्फ भी मिल सकेगा। ट्रेड शो को भव्य बनाने पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि पांच दिवसीय इस महत्वपूर्ण ट्रेड शो के दौरान हर दिन एक विशेष थीम पर नॉलेज सेशन भी आयोजित किए जाएं। बीमा सेक्टर पर सत्र आयोजित किया जाए। नवाचार और स्टार्टअप को लेकर प्रदेश में हुए प्रयासों पर केंद्रित विशेष सत्र आयोजित हों। विशेष सत्रों में केंद्रीय मंत्रियों को आमंत्रित किया जाना चाहिए। ट्रेड शो में खादी केंद्रित फैशन शो भी आयोजित होगा। सभी के लिए उत्तर प्रदेश के जायकेदार व्यंजनों से परिचय कराने के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएं। इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न राज्यों में रोड शो आयोजित किए जा सकते हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने आयोजन के दौरान ट्रैफिक, सुरक्षा व अन्य सुविधाओं के लिहाज से सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए।